हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 कन्या आश्रम कोकोड़ी में हुई कक्षा साज-सज्जा...



13 मड़कामी मासा को याद कर भूमकाल दिवस मनाया गया



## खबर संक्षेप

### आसना चौक पर ट्रैफिक पुलिस प्वाइंट बनाने युकां ने सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत आसना नाका चौक क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर युवा कांग्रेस ने चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए स्थायी ट्रैफिक पुलिस पॉइंट की मांग की है।



उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार वाहन, अव्यवस्थित यातायात, पुलिस निगरानी के अभाव एवं सड़क सुरक्षा उपायों की कमी के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई निर्दोष नागरिक जान गंवा चुके हैं। इसके चलते क्षेत्र में भय एवं असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने बताया कि स्थानीय नागरिकों द्वारा पूर्व में कई बार मौखिक एवं लिखित शिकायतें किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस एवं स्थायी व्यवस्था नहीं की गई। जिसके कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। कश्यप ने मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस पॉइंट की स्थापना, स्पीड ब्रेकर, यातायात संकेत बोर्ड, एवं रात्रि प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### दसवीं के हिन्दी में एक भी नकल प्रकरण नहीं

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के 105 परीक्षा केंद्र में 21 फरवरी को दसवीं बोर्ड के हिन्दी विषय की परीक्षा हुई। कुल दर्ज संख्या 8937 में 8643 विद्यार्थी उपस्थित रहे। वहीं 294 गैरहाहिर रहे और नकल का एक भी प्रकरण नहीं दर्ज हुआ।

### 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 48 विद्यार्थी गैरहाजिर

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि 20 फरवरी को 12वीं बोर्ड परीक्षा के भूगोल और भौतिकी में कुल 105 परीक्षा केंद्र में दर्ज संख्या 4636 में 4588 विद्यार्थी उपस्थित रहे। 48 गैरहाजिर रहे और नकल का एक भी प्रकरण नहीं हुआ।

### पीएससी प्रारंभिक परीक्षा आज होगी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 के लिए बस्तर जिले में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। 22 फरवरी को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में जिले के कुल 2841 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे, जिनके लिए शहर के 7 प्रमुख शिक्षण संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रशासन ने परीक्षार्थियों की भारी संख्या को देखते हुए केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए हैं। सबसे अधिक 541 परीक्षार्थी शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धरमपुरा-02 में परीक्षा देंगे। जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 500 अभ्यर्थी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 (गीदम नाका) और स्वामी विवेकानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल (संजय मार्केट रोड) प्रत्येक केंद्र पर 400-400 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय और शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 300-300 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# एआई समिट में नग्न प्रदर्शन कांग्रेस का हथकंडा है : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने नई दिल्ली में आहूत एआई समिट के दौरान शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकतार्ओं द्वारा किए गए नग्न प्रदर्शन को भारत को अपमानित करने की एक सोची-समझी साजिश बताया। उन्होंने जारी बयान में कहा कि राहुल गांधी राजनीति के निचले स्तर पर गिर गए हैं। जहां उन्होंने कथित तौर पर कांग्रेस कार्यकतार्ओं को राजनीतिक पोस्टर लेकर दुनिया के सबसे बड़े एआई इम्पैक्ट समिट में निर्वस्त्र होने का निर्देश दिया। यह प्रदर्शन कांग्रेस के पतन, निर्लज्जता और मानसिक दीवालिएपन का परिचायक है।

उन्होंने कहा कि तकनीक के विकास के मामले में दुनिया भारत का लोहा मान रही है लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस ने देश की छवि को नुकसान पहुँचाने का रास्ता चुना और पूरी दुनिया के सामने भारत को शर्मिंदा करने की सक्रिय कोशिश की है।

## राहुल गांधी शह पर बेजा हरकत

*उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के उकसावे पर की गई यह घिनौनी हरकत कांग्रेस के पूर्ण वैचारिक पतन को उजागर करती है। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवाचार, प्रगति और राष्ट्र निर्माण के लिए खड़ा है। वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस केवल व्यवधान, बाधा और नकारात्मकता का प्रतीक बन गई है। देव ने आरोप लगाया कि यह स्पष्ट है कि कांग्रेस ने एआई इम्पैक्ट समिट को बदनाम करने की साजिश पहले ही रच ली थी। राहुल गांधी के इशारे पर लोगों को इकट्ठा किया गया, उन्हें शिखर सम्मेलन के लिए पंजीकृत कराया गया और फिर इस अपमानजनक कृत्य के लिए उकसाया गया।*



### वन विभाग के खिलाफ मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

# ड्राइवर पद के चयन में गड़बड़ी, मेरिट अभ्यर्थी को ठेंगा, विरोध में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने केशकाल में वन विभाग में ड्राइवर पद के लिए भर्ती में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने पर भी बेरोजगार अभ्यर्थी का चयन नहीं किए पर धरना दिया। धरने में बेरोजगारों के योग्यता के साथ खिलवाड़ करने पर विरोध जताया । वन मंडलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस विषय में नवनीत चांद, कोंडागांव जिला महामंत्री उदय भंडारी, ड्राइवर यूनियन अध्यक्ष याकूब गोरी खान ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि अन्याय और षड्यंत्र के साथ यह बेरोजगार की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने बताया कि वाहन चालक हेतु सीधी भर्ती का विज्ञापन पिछले साल 28 फरवरी को वनमंडल केशकाल ने जारी किया था। जिसके अंतर्गत भारी एवं हल्का वाहन चालक के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती होना था । दावा आपत्ति का निराकरण के पश्चात 11 अभ्यर्थी की पात्र सूची विभागीय वेबसाइट में अपलोड किया गया था। जिसमें अभ्यर्थी विक्की बंजारे का नाम क्रमांक 1 में दर्ज था उन्होंने 100 में 91 अंक प्राप्त किए थे। सारे दस्तावेज समय पर वनमंडल केशकाल के समक्ष प्रस्तुत कर दिया था। मेरिट सूची में प्रथम आने और सभी मानदंडों को पूर्ण करने के बाद भी अभ्यर्थी से कम प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की के नाम से विभाग ने जॉइनिंग आदेश कर दिया। सभी शर्तों एवं मानदंडों को पूर्ण करने पर भी योग्य को चयन नहीं किया गया । षड्यंत्र और मिली भगत बताया है।

इस दौरान संतोष सिंह, हिमांशु आनंद, कमल बघेल, गौतम दास, उदय भंडारी, सुखलाल बघेल, मायाराम मांडवी, फूलचंद साहू, परेश्वर नेगी, धर्मेंद्र पटेल, अध्यक्ष याकूब गौरी खान, महेश दास, मोहनलाल सेठिया, विक्की बंजारे, तेज नायडू, मनोहर कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

# तेंदुए ने बैल का किया शिकार ककालगुर के लोग दहशत में



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/दरभा

बस्तर घने जंगलों से घिरा है, बस्तर के जंगलों में जंगली जानवरों की मौजूदगी हमेशा नजर आती है। जंगली जानवरों के लिए बस्तर का वन्य क्षेत्र बेहद ही अनुकूल है, लेकिन बस्तर में जंगली जानवरों की मौजूदगी से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। इन दिनों बस्तर के अलग-अलग वन परिक्षेत्रों से तेंदुए की पालतू मवेशियों को निशाना बनाने की घटनाएं सामने आई है, जिसके कारण कई गांवों में दहशत का माहौल बन चुका है। दरभा ब्लॉक के ककालगुर बीट कक्ष क्रमांक 1425 में शुक्रवार की रात को तेंदुए ने बैल का शिकार किया। ककालगुर गांव के ग्रामीणों ने सुबह देखा किया तेंदुए के शिकार से बैल की मौत हो गया, इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। इस पर परिक्षेत्र अधिकारी शिवेन्द्र सिंह ने बीट के कर्मचारी रईस फातिमा के साथ पहुंचे, बैल का शिकार किस वन्यजीव ने किया इसकी पुष्टी नहीं हो सकी, वन्यजीव के पगचिन्ह नहीं मिले। उन्होंने बताया कि बैल के मालिक दरभा निवासी जयदेव नाग है, इस पर मुआवजा राशि वन विभाग की तय गाइडलाइन के अनुसार मंजूर की जाएगी।

■ दरभा के ककालगुर जंगल में पहुंचे वन अधिकारी व कर्मी

### वन विभाग ने लगाया कैमरा

वन विभाग के एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने इस संबंध बताया कि वन्यजीव ने ककालगुर जंगल में शिकार किया है। इसकी जानकारी के लिए मृत बैल को उसी जगह में रखा गया है, जिससे वन्यजीव फिर वापस आएगा, इसलिए स्थल पर चारों ओर से कैमरा लगाया गया है।

# शासकीय जर्जर भवन को जमीदोज कर बनेगा कमर्शियल काम्पलेक्स





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर में शासकीय खंडहर भवनों के बदले में शासन की रिडेव्हलपमेंट योजना में 22.50 करोड़ रूपए की लागत से कमर्शियल काम्पलेक्स बनाने की योजना है। इसमें शहर के सिटी ग्राउंड के सामने स्थित खंडहर निगम के पुराने स्कूल भवन, पीएचई, नगर सैनिक कार्यालय भवन को तोड़कर 28107 वर्ग फुट जमीन पर हाऊसिंग बोर्ड कमर्शियल काम्पलेक्स बनाएगा। इसके लिए बोर्ड की ओर शीघ्र ही टेंडर किया जाएगा। बताया जा रहा है कि धरमपुरा और एसबीआई मेन ब्रांच के पास सरकारी क्वार्टरों का चयन किया गया है, जिसमें से लगभग 7 एकड़ भूखंड है, जिसमें मल्टी स्टोरी बिल्डिंग तैयार किए जाने का प्रस्ताव है। बस्तर संभाग के नारायणपुर एवं कांकेर जिला मुख्यालय के कई शासकीय मकान खंडहर एवं जर्जर हो गए हैं। ऐसे मकानों का सर्वे कर हाऊसिंग बोर्ड ने फ्लैट निर्माण करने का प्रस्ताव किया जा रहा है, जिससे स्वीकृति मिलने के बाद बोर्ड फ्लैट बनाएगा और शासकीय विभागों को दिया जाएगा।

### शीघ्र होगा टेंडर

हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि खंडहर भवन को शीघ्र ही ध्वस्त कर काम्पलेक्स का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही टेंडर किया जाएगा, जिससे निर्माण कार्य शुरू होगा।



**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने शनिवार 21 फरवरी को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया और ईव्हीएम के सुरक्षित रखरखाव के बारे में अवगत कराया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित राजनीतिक दलों को मिली सूची

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के पश्चात अंतिम मतदाता सूची का 21 फरवरी को प्रकाशन किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने कलेक्ट्रेट के आस्था सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सभी के सक्रिय सहयोग हेतु आभार माना । उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावलियों को अद्यतन करने का कार्य अनवरत जारी रहेगा। वर्तमान में जो विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया गया है उसके बाद तैयार अंतिम मतदाता सूची को प्रकाशित किया जा रहा है। इस मौके पर कलेक्टर ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम मतदाता सूची की हार्डकॉपी और सॉफ्ट कॉपी प्रदाय किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधी मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री साय का जन्मदिन सेवा सुशासन दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज जिले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्मदिन सेवा, सुशासन, संकल्प दिवस के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया। महिला मोर्चा ने सुन्दर काण्ड का पाठ किया। भाजयुमो ने जरूरत मंदों को सामग्री वितरित की।

■ महिला मोर्चा ने सुन्दर काण्ड पाठ किया और भाजयुमो ने जरूरतमंदों को बांटे सामान

नानगूर मण्डल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सुबह स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंच कर मरीजों का हाल जाना और फल वितरण किया। महिला मोर्चा की सदस्यों ने पावर हाउस चौक स्थित बालाजी मंदिर परिसर में सुन्दर काण्ड का आयोजन कर मुख्यमंत्री के दीर्घ जीवन की कामना की। नगरनार मण्डल के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों व महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हो रही मातृ शक्तियों का सम्मान किया। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री के विजन सुशासन को जन जन तक पहुँचाने व समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करना ही आयोजन का उद्देश्य है। कार्यक्रमों में रजनीश पाणिग्राही,प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, माहेश्वरी ठाकुर, अभिलाष यादव, रामप्रसाद मौर्य, विनय राजू, निर्मल पाणिग्रही, नीलम यादव, आशा साहू, त्रिवेणी रंधारी, पूनम सिन्हा, कौशल्या छत्रिय, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप,मेनका ठाकुर, पार्वती पाटनकर, किरण सेन, ममता राणा, अलका सेंगर, रेखा जयसवाल, प्रज्ञा आचार्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चंद्रोदय बेला पर मां चंद्रघंटा की निकाली गई पालकी

# देवी भागवत में मां चंद्रघंटा माहात्म्यम, सती चरित्र, राम अवतार की हुई कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



मां दंतेश्वरी मंदिर की यज्ञशाला में चल रहे श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन शुक्रवार को मां चंद्रघंटा महात्म, सती चरित्र, राम अवतार की कथा सुनाई गई। वहीं चंद्रोदय के समय मां चंद्रघंटा की पालकी निकाली गई। इस मौके पर कथा बांचते हुए मानस मंदिर वाराणसी से पधारे आचार्य सुमित भारद्वाज ने कहा कि जीवन में जितना महत्व अध्यात्म का है। उतना ही महत्व मातृभूमि अर्थात अपनी माटी का भी है। जैसे पीपल की पूजा करोड़ों जीव की पूजा मानी जाती है। वैसे ही प्रकृति का संरक्षण और संवर्धन ही मानव जीवन की सर्वश्रेष्ठ पूजा है। विडंबना यह है कि जीवो में सर्वश्रेष्ठ कहलाने वाला मानव ही विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में तुला हुआ है। अगर आप देवी उपासना करते हैं तो आपको प्रकृति का संरक्षण और सम्मान करना होगा। मां चंद्रघंटा की उपासना का महत्व बतलाया गया। आचार्य ने कहा कि सिर्फ टीका लगाने, मुंडन होने से आप सनातनी नहीं हो सकते। आप धमार्चार्य बन कर स्वयं को मालिक न समझें। आप को सिर्फ सनातन सेवा का अवसर मिला है, अगर अशोक ने गीता पढ़ ली होती तो वह कलिंग का रक्त रंजिश युद्ध देखने से बच जाता। उसे बौद्ध धर्म अपनाने की जरूरत नहीं पड़ती। हमारे अहम ने ही देवावतार चैतन्य महाप्रभु को नहीं समझा, किंतु वेस्टर्न कंट्री अमेरिका के लोगों ने समझा। आज भारत से ज्यादा अमेरिका में हरिनाम जपा जा रहा है।

#### मां चंद्रघंटा का नगर भ्रमण

मां चंद्रघंटा की पालकी नगर भ्रमण कर रही थी। उस समय आसमान पर चतुर्थी का चंद्रमा चमक रहा था। लोगों ने चंद्रघंटा को नगर भ्रमण कराने के साथ चंद्र की आकर्षक छवि का भी दर्शन किया।

#### आज के अनुष्ठान

रविवार को मां कुष्मांडा महात्म, महिषासुर वध, शुंभ निशुंभ, देवी कालिका उत्पत्ति, योगमाया प्रागट्य की कथा सुनाई जाएगी। वही मां कुष्मांडा को पालकी में विराजित कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। इसके अलावा मां दंतेश्वरी चालीसा के रचयिता सत्यनारायण मिश्रा तथा स्वरबद्ध करने वाले गायक विजय पटनायक को सम्मानित किया जाएगा।

# प्रतिबंधित स्थलों पर विज्ञापन के पोस्टर, पांच हजार का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शहर के कई प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर विज्ञापन बोर्ड, फ्लेक्स और बैनर लगाने पर प्रतिबंध किया गया है। इस निर्णय का उद्देश्य शहर की सौंदर्यता बनाए रखना और सार्वजनिक स्थलों को अव्यवस्था से मुक्त रखना है। निगम द्वारा जिन स्थानों को प्रतिबंधित घोषित किया गया है उनमें शहीद स्मारक सिरहासार, महाराजा प्रवीर चंद भंजदेव स्मारक के सामने, सुभाष चंद्र बोस पार्क के सामने, चांदनी चौक एयरपोर्ट के सामने पार्क क्षेत्र, अटल परिसर, लालबाग, शहीद गुंडाधुर स्मारक गीदम रोड महाराणा प्रताप मूर्ति स्थल, भूमकाल चौक बीजेपी कार्यालय के सामने, धरमु माहरा पीजी कॉलेज चौक, बलिराम कश्यप मूर्ति स्थल, महेंद्र कर्मा मूर्ति के पास, संजय बाजार पार्किंग स्थल, डिवाइडर एवं विद्युत पोल अन्य स्मारकों के सामने दलपत सागर आईलैंड गेट के सामने, पुराना बस स्टैंड परिसर के सामने। राजस्व सभापति नगर निगम संग्राम सिंह राणा ने बताया कि इन स्थानों पर विज्ञापन सामग्री लगाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी और 5000 का अर्थदंड भी लगाया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छ व सुंदर जगदलपुर के निर्माण में सभी सहयोग करें।

## खबर संक्षेप



### भाजपा मंडल मोर्चा के अध्यक्षों की घोषणा पर जश्न

**फरसगांव।** भाजपा जिला कोंडागांव नेतृत्व के द्वारा मंडल स्तरों के मोर्चा के अध्यक्षों के नाम की घोषणा की गई है। इसी तारतम्य में मंडल फरसगांव के लिए भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष का दायित्व देवेंद्र निषाद को दी गई है। इस अवसर पर मंडल फरसगांव में निवासरत पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड फरसगांव में आतिशबाजी कर एवं मिठाई बांट कर जश्न मनाए। इस अवसर पर प्रवीर बदेशा ने सभी को मिल कर पार्टी के कार्य को आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर प्रवीर बदेशा, प्रशांत पात्र, तरुण साना, प्रवीण राव, नरेंद्र गौर, राजकुमारी नेताम, हितेश साहू, देवेंद्र निषाद, जागेश निषाद, जंगबहादुर, कपूरचंद, जसवंत, दिनेश नेताम, योगेंद्र नेताम, दीपक जायसवाल, राकेश यादव, आदि उपस्थित थे।

### आम के पेड़ों पर बौर खिलते ही ग्रामीण अंचलों में छाई खुशहाली



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें में इन दिनों फलों के राजा आम के पेड़ों पर बौर फूल खिलने लगे हैं। बसंत ऋतु के आगमन के साथ आम के पेड़ों पर छाए पीले–सुनहरे फूलों ने गांवों का नजारा ही बदल दिया है। हरवेल, बालेंगा, पातरीपारा, पीढ़ापाल, कुल्दाडिही, तराईबेड़ा, किबड़ा, पिटिसपाल, गम्हरी, तितरवंड, बड़बत्तर, डिहीपारा, राहटीपारा, केरागांव और धामनपुरी सहित अनेक गांवों में आम के पेड़ों पर भरपूर बौर देखने को मिल रहा है। घर–आंगन से लेकर खेतों और बागानों तक आम के पेड़ इस समय बेहद मनमोहक दिखाई दे रहे हैं।हरवेल निवासी सहादेव नेताम ने बताया कि जैसे ही बसंत का मौसम शुरू हुआ, आम के पेड़ों पर बौर खिलने लगे हैं। इस बार आम की अच्छी फसल होने की पूरी संभावना है। साथ ही इन दिनों पलाश के लाल फूल भी अंचल की सुंदरता को और बढ़ा रहे हैं। ग्रामीण किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह अनुकूल रहा और समय पर हल्की बारिश हुई, तो बौर से फल बनने की प्रक्रिया मजबूत होगी। इससे आम की गुणवत्ता अच्छी रहेगी और आने वाले महीनों में बाजार में बेहतर दाम मिलने की भी संभावना है। आम के पेड़ों पर भरपूर बौर आने से स्थानीय किसानों और बागवानों को इस वर्ष अच्छी आमदनी की उम्मीद है। इससे न सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि किसानों का उत्साह भी दोगुना हुआ है।

# सीपीआई ने निकाली लाल झण्डा यात्रा, लाल सलाम के नारों से गूंजा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सीपीआई जिला परिषद कोण्डागांव द्वारा 20 फरवरी को फरसगांव ब्लॉक में लाल सलाम के नारों के साथ लाल झण्डा प्रदर्शन यात्रा निकाली गई। मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहनों में निकाली गई इस यात्रा में कार्यकर्ता हंसिया–हथौड़ा और हंसिया–बाली चिन्ह वाले लाल झण्डों के साथ विभिन्न गांवों का भ्रमण किया।

लाल झण्डा यात्रा फरसगांव तहसील मुख्यालय से प्रारंभ होकर पतोड़ा, भंडारवंडी, आलोर, बड़ेडोंगर, भूमका, हीरी, भानपुरी, जुगानी कलार, कुल्हाड़गांव, बोरगांव सहित कई गांवों में निकाली गई। पूरे मार्ग में कार्यकर्ताओं ने लाल सलाम और कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया जिंदाबाद के नारे लगाए।

## मोटरसाइकिल व चार पहिया वाहनों के साथ गांव–गांव पहुंचा कारवां

### इनकी रही सक्रिय भागीदारी

राज्य परिषद सचिव मंडल सदस्य काम. तिलक पाण्डे के निर्देश पर जिला सचिव काम. शैलेश, सहायक सचिव काम. दिनेश, सोमारु, बिसम्बर, सराद्‌ू मुकेश, शिवचरण, अनुराधा, खुशबू, बिजलाल, माहंगू सहित विभिन्न गांवों से पहुंचे कम्युनिस्ट साथियों ने यात्रा में भाग लिया।



### बोरगांव में हुआ समापन

लाल झण्डा प्रदर्शन यात्रा विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए पुनः बोरगांव फरसगांव पहुंची, जहां नारों और सभा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजकों ने बताया कि आने वाले समय में भी ऐसे जनसंपर्क कार्यक्रम जारी रहेंगे।

### स्थापना दिवस के बाद से अभियान जारी

बताया गया कि 26 दिसम्बर 2025 को कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का 100वां स्थापना दिवस मनाने के बाद से जिले के विभिन्न ब्लॉक एवं तहसीलों में लाल झण्डा यात्रा अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य संगठन की विचारधारा और संघर्ष के प्रतीकों को गांव–गांव तक पहुंचाना है।

# कन्या आश्रम कोकोड़ी में हुई कक्षा साज-सज्जा प्रतियोगिता

**रचनात्मकता और अनुशासन की दिखी सुंदर झलक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के कोंडागांव विकासखंड अंतर्गत कन्या आश्रम कोकोड़ी एवं प्री मैट्रिक कन्या छात्रवास किबई बालेंगा में कक्षा साज–सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रओं में रचनात्मक सोच, टीम वर्क और अनुशासन का विकास करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य शिवकुमार मंडावी रहे, जबकि अध्यक्षता किबई बालेंगा के प्रधानाध्यापक रामलाल नेताम ने की। यह प्रतियोगिता सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन में 12 से 15 फरवरी तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता के दौरान छात्रओं ने अपनी कक्षाओं को स्वच्छ, सुंदर और रचनात्मक ढंग से सजाया। अतिथियों द्वारा सभी कक्षों का अवलोकन किया गया एवं सजावट, स्वच्छता और अनुशासन के आधार पर मूल्यांकन किया गया।



### प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

कन्या आश्रम कोकोड़ी में सानिया नेहवाल कक्ष प्रथम, उमा मेहता कक्ष द्वितीय, मेरी कॉम कक्ष तृतीय, पी.वी. सिंधु कक्ष चतुर्थ स्थान प्री मैट्रिक कन्या छात्रवास किबई बालेंगा में सरोजनी नायडू कक्ष प्रथम, कल्पना चावला कक्ष द्वितीय, सुनीता विलियम्स कक्ष तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रधान अध्यापक सूरज नेताम ने अभिभावकों द्वारा निर्मित सुंदर कुटिया, पारंपरिक स्थानीय संग्रहालय तथा बेहतर शालेय वातावरण की सराहना करते हुए बच्चों को मिष्ठान वितरण कर प्रोत्साहित किया।


### कार्यक्रम में इनकी रही व्यापक सहभागिता

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के समापन पर न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर पालकगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, अधीक्षक प्रीति गोस्वामी, संकुल समन्वयक सुकमन नेताम, शिक्षिका मधुमती मंडावी, जयलाल मरकाम, भोजराज पटेल, केशव साहू, मनसू मंडावी सहित आश्रम व छात्रवास की छात्रएं उपस्थित रहीं।

### मर्दापाल में साज-सज्जा प्रतियोगिता छात्रावासों में दिखी रचनात्मकता की झलक

मर्दापाल क्षेत्र के छात्रावासों में साज–सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और रचनात्मक माहौल के बीच सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रावासों में स्वच्छता, सौंदर्यबोध और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना रहा।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रूद्र प्रताप ठाकुर जनपद सदस्य, भूतपूर्व सरपंच लक्ष्मीनाथ बेलसारिया तथा पालक तुलाराम उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेता समूहों को पुरस्कार प्रदान किए और उन्हें आगे भी ऐसे रचनात्मक कार्यों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागी छात्राओं ने स्थानीय सामग्री, रंगोली, चित्रंकन और पर्यावरण अनुकूल सजावट के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता का परिचय दिया। निर्णायकों ने साफ–सफाई, नवाचार और टीमवर्क को आधार बनाकर विजेताओं का चयन किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता ने छात्रावासों में सकारात्मक वातावरण और रचनात्मक ऊर्जा का संचार किया।

**ये रहे विजेता :** प्रतियोगिता में विभिन्न छात्रावासों के समूहों ने आकर्षक सजावट और नवाचार का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रथम स्थान प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास मर्दापाल महात्मा गांधी ग्रुप, द्वितीय स्थान पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास मर्दापाल रानी लक्ष्मी बाई ग्रुप, तृतीय स्थान कन्या आश्रम मर्दापाल सुभाष चंद्र बोस ग्रुप।

# गिरौला मंदिर में चोरी का खुलासा हुआ, आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पांच माह पूर्व गिरोला स्थित हिंगलाजिन माता मंदिर में हुए चोरी का खुलासा हो गया है। मामले में आरोपी को ओडिशा के जंगल से गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि 7-8 सितम्बर 2025 की दरम्यानी रात अज्ञात आरोपी द्वारा गिरौला मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसी मामले में आरोपी नवीन हरिजन उर्फ बड्डू 36 वर्ष निवासी किरमागुड़ा, थाना बिसिंगपुर, वर्तमान निवास डबली कोटा, थाना जयपुर कोरापुट ओडिशा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन और तीन हजार रूपए नगद बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक गिरोला गांव में स्थित हिंगलाजिन माता मंदिर से अज्ञात आरोपियों द्वारा दो सोने के हार, 1 सोने की नथनी और 1 छोटा चांदी का मुकुट चुरा लिया गया था। इस संबंध में बकावण्ड थाना में धारा 331 (4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी तथा आरोपियों की पतासाजी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा ईनाम की घोषणा भी की गई थी। जांच के दौरान, आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज का लगातार विश्लेषण किया गया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का पता लगाने के लिए पुलिस की एक टीम को ओडिशा राज्य भी भेजा गया था। मामले में एसपी के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था और लगातार प्रयास किए जा रहे था। मामले

■ पांच माह पूर्व दी गई थी चोरी की वारदात को अंजाम



की पड़ताल के दौरान सूचना मिलने पर ओडिशा की सीमा से लगे धरिनीगुडा कोरटा गांव के जंगल में संदिग्ध को घेरकर हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर नवीन हरिजन उर्फ बड्डू बताते हुए बताया कि अपने अन्य साथियों, टूना हरिजन और माधव हरिजन के साथ गिरोला स्थित हिंगलाजिन माता मंदिर से सोने और चांदी के गहने चुराया था। और चोरी के गहने बेचकर प्राप्त राशि को आपस में बांट लिया था। गिरफ्तार आरोपी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मामले में अन्य आरोपी टूना हरिजन और माधव हरिजन फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

गिरोला मंदिर में चोरी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक विकेश तिवारी, एसआई मधुसूदन सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक नकुल नाथ कश्यप, आरक्षक भीष्म ठाकुर, गौरव ठाकुर, भोलाराम बघेल के अलावा सायबर टीम के निरीक्षक लीलाधर राठौड़, सुरेश जागड़, एसआई प्रमोद सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक खेदूराम ठाकुर, मोरेश्वर गुप्ता, मौसम गुप्ता, आरक्षक प्रदीप कश्यप, सोनू भदोरिया, जागेश्वर युवराज, महेश पटेल, कृष्णा व डीआरजी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से मातृत्व हो रहा सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। इस योजना से कोण्डागांव के नहरपारा निवासी ज्योति सेन को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान आवश्यक आर्थिक एवं पोषण सहयोग प्राप्त हुआ। ज्योति सेन ने बताया कि उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र नहरपारा–2 में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पंजीयन कराया था। गर्भावस्था के दौरान उन्हें स्वास्थ्य देखभाल और पोषण के लिए प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई, जिससे उन्हें काफी सहायता मिली। लाभार्थी ने बताया कि पहले शिशु के जन्म पर उन्हें योजना के तहत दो किश्तों में 5000 रुपये की राशि मिली। वहीं द्वितीय बालिका के जन्म पर 6000 रुपये की



अतिरिक्त सहायता राशि प्राप्त हुई। मिली राशि से उन्होंने अपनी दोनों बेटियों के नाम सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खुलवाया। साथ ही पोषण पेटी का उपयोग कर गर्भावस्था एवं प्रसव उपरांत पोषण पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने बताया कि वे दोनों बेटियों के खाते में नियमित रूप से प्रतिमाह राशि जमा कर रही हैं। ज्योति सेन ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अख्तरी शेख के सहयोग से उन्हें पोषण पेटी के उपयोग और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन समय–समय पर मिलता रहा, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहा।उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्राप्त हो रही है। इन दोनों योजनाओं से मिली सहायता ने उनकी बेटियों के पोषण, स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य को मजबूत आधार दिया है।

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

ज्योति सेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाएं माताओं और बेटियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

# रांधना विश्रामपुरी मार्ग का जामपारा पुलिया जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर ब्लॉक अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय विश्रामपुरी को जोड़ने वाली बड़बत्तर पंचायत के जामपारा क्षेत्र में स्थित पुलिया की हालत अब जानलेवा होती जा रही है। लंबे समय से मरम्मत के अभाव में पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे इस मार्ग से गुजरना लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं रहा।

■ दर्जनों गांवों का आवागमन प्रभावित कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

इसी रास्ते से ब्लॉक माकड़ी के रांधना–गुहाबोरंड क्षेत्र की ओर भी आवागमन होता है। यह पुलिया बड़बत्तर के साथ–साथ कुल्दाडिही, पीढ़ापाल, जोड़ेकेरा, तितरखंड, गम्हरी, पिटिसपाल, हरवेल, धामनपुरी और किबड़ा सहित लगभग 10 से अधिक गांवों को जोड़ती है। ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और किसानों का रोजमर्रा का आवागमन इसी मार्ग से होता है। शनिवार को साप्ताहिक बाजार के दिन स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही इस संकरी और जर्जर पुलिया से होती है। ऐसे में दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुलिया की स्थिति पिछले एक वर्ष से भी अधिक समय से खराब है, लेकिन संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों



द्वारा अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बारिश का मौसम नजदीक है, जिससे खतरा और बढ़ सकता है। ग्राम पंचायत पीढ़ापाल के सरपंच प्रतिनिधि मन्नु राम शोरी ने बताया कि पीढ़ापाल और बड़बत्तर पंचायत से जुड़ी यह पुलिया लगभग दो वर्षों से क्षतिग्रस्त है। उन्होंने कहा कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, इसलिए इसे जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाना चाहिए।

### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

नोहरु मंडावी, मोहन नेताम, महगु मंडावी, बिरजु नेताम, चमरा मरकाम, लछमी शोरी, पुनाऊ शोरी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कोंडागांव आने–जाने के लिए इसी पुलिया से होकर गुजरना पड़ता है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# 60 वर्ष की आयु पर मिलेगी 3 हजार रुपये प्रतिमाह सुनिश्चित पेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं लघु व्यापारियों को वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना लघु व्यापारी का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राही को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर प्रतिमाह 3,000 रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है, जिससे वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा मिल सके। श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना में हितग्राही द्वारा निर्धारित मासिक अंशदान जमा करने पर केंद्र सरकार द्वारा समान राशि का अंशदान किया जाता है। हितग्राही की मृत्यु की स्थिति में जीवनसाथी को 1,500 रुपये प्रतिमाह पारिवारिक पेंशन दिए जाने का प्रावधान है। योजना का लाभ 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित श्रमिक एवं लघु व्यापारी ले सकते हैं। पात्र श्रमिकों में फुटकर विक्रेता, रिक्शा चालक, घरेलू कामगार, मनरेगा मजदूर, कृषि मजदूर, मछुआरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मध्यान्ह भोजन रसोईया, मितानिन सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दुकानदार, लघु व्यापारी एवं स्व–रोजगार व्यक्ति भी पात्र हैं।

■ असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवच

### इनके लिए योजना लागू नहीं

ईपीएफ, ईएसआईसी एवं एनपीएस के सदस्य तथा आयकरदाता इन योजनाओं के लिए पात्र नहीं होंगे। योजना के अंतर्गत आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये प्रतिमाह तक अंशदान जमा करना होता है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा समान राशि का योगदान किया जाता है। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

### पंजीयन कराने की अपील

जिला प्रशासन ने पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी सीएससी केंद्र, लोक सेवा केंद्र अथवा श्रम विभाग कार्यालय में जाकर योजना में पंजीयन कराएं और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करें।

# आईजीओटी-कर्मयोगी पर आधारित संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत सरकार द्वारा सिविल सेवकों की क्षमता निर्माण के उद्देश्य से डिजिटल प्लेटफॉर्म आईजीओटी–कर्मयोगी की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग आईजीओटी–कर्मयोगी पर आधारित संभाग स्तरीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईजीओटी–कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न विषयों पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी कार्यकुशलता और दक्षता में निरंतर वृद्धि हो सके। बस्तर संभाग के संभागायुक्त डोमन सिंह के निर्देशानुसार संभाग के सभी सातों जिलों के अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से इस कार्यशाला में सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनर एवं अवर सचिव अंजू सिंह ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आईजीओटी–कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया,



उपलब्ध प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा इसके उपयोग की विधि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना जिला कार्यालय के सभाकक्ष से वर्चुअल रूप से शामिल हुईं। साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से अधिकारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग की जानकारी मिली, जिससे भविष्य में प्रशिक्षण प्रणाली अधिक सशक्त और परिणामोन्मुखी बन सकेगी।

## मेधावी बच्चों का सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

# यादव समाज का सामूहिक विवाह व युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र. 5066 रायपुर से सबद्ध महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 22 फरवरी को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। समाज के प्रदेश सचिव एवं शहर जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि कार्यक्रम महादेव घाट रायपुरा, रायपुर स्थित सामाजिक भवन में प्रातः 11 बजे से होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक सम्मेलन, सामाजिक विभूतियों तथा मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 21 जोड़ों का आदर्श विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान सभी जोड़ों के विवाह का खर्च समाज द्वारा वहन किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि विवाह योग्य वर-वधू की तलाश में परिवार जनों के समय व धन दोनों ही खर्च होता है। इसे बचाने और समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक ही मंच पर लाकर उन्हें परिचय देने का अवसर दिया जाएगा। इससे अपने लडक़े या लडक़ी के अनुरूप युवक या युवती के परिचय देने पर कार्यक्रम स्थल पर ही उनके परिजनों को साथ बैठाकर आपस में चर्चा कराने की व्यवस्था भी



की जा रही है। इससे उन्हें आगे भी मुलाकात कर चर्चा को आगे बढ़ाने और रिश्तेदारी में बदलने में आसानी होगी। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव तथा द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव करेंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव तथा बाल संरक्षण आयोग छत्तीसगढ़ की सदस्य एवं समाज की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष आशा-संतोष यादव उपस्थित रहेंगे। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर के प्रबंधनकारिणी सदस्य, जिला, ब्लॉक परिक्षेत्र महानगर एवं समाज के आजीवन सदस्यों के साथ ही समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता में समाज के संरक्षक घुरऊराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुधन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम यादव, सचिव बैशाखू राम यादव, कोषाध्यक्ष मतवारी यादव, संयुक्त सचिव नरेश यादव, न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष परदेशी यादव, लेखापाल रामस्वरूप यादव एवं मीडिया प्रभारी शशिकांत यादव उपस्थित थे।


**LOVE KUSH INSTITUTE OF NURSING, KONDAGAON (C.G.)**
KUMHARPARA, KEVATI ROAD, MASORA, NARAYANPUR CHOWK, KONDAGAON, DIST- KONDAGAON (C.G.) PIN CODE-494226
**WE URGENT REQUIRED**

| S. No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per Council Norms |
|---|---|---|---|
| 1. | Principal cum Professor | 01 | Essential Qulification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N), Ph.D.(N) having total 15 Years Experience with M.Sc.(N) out of which 10 years after M.Sc.(N) in Collegiate programme. Ph.D (N) is desirable |
| 2. | Vice -Principal cum Professor | 01 | 12 Year Experience with M.Sc. (N) out of which 10 year should be teaching experience with minimum of 5 years experience in collegiate programme. Ph.D (N) is desirable |
| 3. | Professor | 01 | 12 Year Experience with M.Sc. (N) out of which 10 year should be teaching experience with minimum of 5 years experience in collegiate programme. Ph.D (N) is desirable |
| 4. | Associate Professor | 01 | M.Sc. (N) with 08 Years experience including 5 year teaching experience. Ph.D (N) is desirable |

Contact No: 9340468107, 7999328137.
Forward Your Resume to lovekush1212.kgn@gmail.com
Late date of receipt of Application:-
Within 10 Days from the date of publication of advertisement

## खबर संक्षेप

### निशा रानी को पीएचडी की उपाधि



**जगदलपुर।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा निशा रानी भोई को कम्प्युटर एप्लीकेशन विषय के अंतर्गत उनके शोध रोगी के व्यवहार विश्लेषण के लिये डेटा माइनिंग तकनीकों का उपयोग करके एक स्वास्थ्य देखभाल निदान प्रणाली विकसित करें, विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

### यूजर चार्ज के नाम पर वसूली बंद हो



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि फुटपाथ के फुटकर व्यापारियों से यूज़र चार्ज के नाम पर अनाप-शनाप वसूली की जा रही है जिस संबंध में किसी प्रकार का कोई सकारात्मक जवाब ना महापौर परिषद ना निगम प्रशासन के द्वारा दिया जा रहा है जबकि नियम है कि कोई भी कर लागू करने से पूर्व राज्य सरकार के निर्देशानुसार महापौर परिषद और सामान्य सभा से पारित करके किया जाता है जो यूज़र चार्ज वार्षिक लिया जाता था अब सनातनी महापौर बनने के बाद निगम प्रशासन के द्वारा मासिक वसूली की जाने की बात वसूली करने वाले कर्मचारी द्वारा बताई जा रही है। महापौर को यह वसूली जायज लगती है क्योंकि वह स्वयं शहर की जनता को आर्थिक चोट देते आ रहे हैं जैसे 300 का पानी टैंकर 500 हो गया 500 वाला पानी टैंकर 1000 हो गया सामाजिक और धार्मिक अनुष्ठानों में निशुल्क दिए जाने वाला टैंकर का 500 लगेगा यदि स्टोरेज करेंगे तो 300 लगेगा।

## निधन

### विनय श्रीवास्तव



**जगदलपुर।** सदर वार्ड निवासी विनय श्रीवास्तव (51) का शनिवार शाम निधन हो गया। 3 दिन पहले उन्हें ब्रेनहेमरेज होने से रायपुर के निजी चिकित्सा केंद्र में भर्ती कर उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। वे नगर निगम में राजस्व अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन से निगम परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। महापौर संजय पांडे और राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने विनय को कर्मठ कर्मचारी बताया। उनके असमय चले जाने से निगम परिवार को काफी क्षति पहुंची है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को मुक्तिधाम में होगा।

# अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब जबलपुर रेलवे के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर के मिनी स्टेडियम में ऐतिहासिक तीन दिवसीय अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का 20 फरवरी को भव्य समापन हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में जबलपुर रेलवे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इनकम टैक्स पुणे को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में देश के आठ राज्यों की टीमों सहित संभाग एवं जिले की टीमों ने भाग लिया। लगभग 160 खिलाड़ी एवं 40 ऑफिशल इस आयोजन का हिस्सा बने। जिससे प्रतियोगिता का स्तर राष्ट्रीय रहा। प्रथम स्थान पर जबलपुर रेलवे को पुरस्कार राशि 1 लाख रूपए, द्वितीय इनकम टैक्स पुणे 51 हजार, तृतीय छत्तीसगढ़ पुलिस 21 हजार चतुर्थ, तमिलनाडु वॉलीबॉल टीम 11 हजार प्रदान किया गया।

मैच के बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अभिराज जबलपुर रेलवे, बेस्ट ब्लॉकर टी. चंद्रशेखर छत्तीसगढ़ पुलिस, बेस्ट सेट्टर ऋतुराज जबलपुर रेलवे, बेस्ट अटैकर संकेत इनकम टैक्स पुणे रहे। समापन समारोह में अनेक जनप्रतिनिधि




एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माडवी, जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज कुजुर, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जनपद सदस्य धनेश्वरी बाकडे, समस्त पार्षदगण एवं वरिष्ठ नागरिक घासीराम नाग विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर में कलेक्टर संबित मिश्रा, वन मंडलाधिकारी आर.के. जांगड़े, जिला सीईओ नम्रता चौबे, सीआरपीएफ कमांडेंट, एसडीएम जागेश्वर कौशल खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम पंचारी सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

तीन दिनों तक चले इस आयोजन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और प्रतिभा का परिचय दिया। दर्शकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने फाइनल मुकाबले को और भी रोमांचक बना दिया। यह प्रतियोगिता क्षेत्र में व्हॉलीबॉल के बढ़ते स्तर और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# मड़कामी मासा को याद कर भूमकाल दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग के द्वारा संभाग स्तर पर 10 फरवरी से 1910 ई भूमकाल विद्रोह में शहीद हुए बस्तर संभाग के वीर शहीदों के याद में भूमकाल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

1910 ई भूमकाल महानायक क्रांतिकारी वीर गुण्डाधुर के नेतृत्व में बस्तर रियासत के मूल निवासी अपने हक के लिए अंग्रेजी हुकूमत से तंग आकर संघर्ष करते हुए प्राणों की आहुति

■ अंग्रेजी हुकूमत से तंग आकर संघर्ष करते हुए प्राणों की आहुति दी

दिए वीरों की बलिदान के याद में प्रत्येक साल फरवरी के महीने में भूमकाल सप्ताह मनाया जाता है। इस तारतम्य में सर्व समाज बस्तर संभाग के द्वारा 4 फरवरी से गीदम के हिरानार से भूमकाल दिवस मनाना प्रारंभ होकर 22 फरवरी को वीर गुंडाधुर के जन्म स्थान नेतानार में समापन की किया जाएगा। भूमकाल विद्रोह में प्राणों की आहुति दिए वीर बलिदानियों के जन्म भूमि स्थान में जाकर वीरों के स्मृति पर सेवा अर्जी और पुष्प अर्पित कर 116वीं भूमकाल दिवस मनाया जा रहा हैं।






21 फरवरी को 1910 ई भूमकाल के वीर क्रांतिकारी गुंडाधुर के सहयोगी वीर मड़कामी मासा के जन्म स्थान केलाउर में स्थित वीर मड़कामी मासा के स्मृति पर सेवा अर्जी कर भूमकाल दिवस मनाया गया, केलाउर में आयोजित मड़कामी मासा स्मृति दिवस में क्षेत्र के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया। मड़कामी मासा स्मृति केलाउर में सेवा अर्जी और पुष्प अर्पित कर वीर बलिदानियों को याद किया गया, वीर मड़कामी मासा भूमकाल स्मृति दिवस के कार्यक्रम केलाउर में बड़ी संख्या में समाज प्रमुख और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने भाग लिया। वीर मड़कामी मासा स्मृति दिवस कार्यक्रम के आयोजन में केलाउर पहुंचे समाज प्रमुखों ने ग्रामीणों को संबोधित कर बस्तर के वीर शहीदों के जीवनी को और उनके संघर्ष को बताया।

साथ ही 1910 के भूमकाल विद्रोह में शहीद वीर मड़कामी मासा भूमकाल स्मृति दिवस पर उपस्थित ग्रामीणों को समाज प्रमुखों के द्वारा जल जंगल जमीन के महत्व के साथ शिक्षा, स्वास्थ पर प्रकाश डाला और ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान सर्व समाज के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# गांव की पगडंडियों पर चलकर ग्रामीणों के पास पहुंचा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रशासन गांव की ओर अभियान ने दूरस्थ और खनन प्रभावित क्षेत्रों में नई ऊर्जा का संचार किया है। इस विशेष पहल के अंतर्गत जिला स्तर के 40 अधिकारियों को विकासखंड दंतेवाड़ा एवं कुआकोण्डा के 40 चयनित ग्रामों में भेजा गया, जहां उन्होंने गांव-गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया।

इस चौपाल में ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, शासकीय योजनाओं का लाभ, प्रमाण पत्र संबंधी प्रकरण, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड और किसान सम्मान निधि जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदन और शिकायत को गंभीरता से दर्ज किया। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि जटिल प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ जिला स्तर पर निराकरण हेतु अग्रेषित किया गया। गांव की पगडंडियों पर चलकर ग्रामीणों के पास पहुँचा प्रशासन इस अभियान की



सबसे बड़ी विशेषता यही रही कि अधिकारी स्वयं दुर्गम रास्तों से होते हुए गांवों तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर हालात का अवलोकन किया। खनन प्रभावित क्षेत्रों के 40 ग्रामों में जिला स्तरीय अधिकारियों ने की जनसुनवाई इस पहल ने उन क्षेत्रों में विशेष प्रभाव डाला, जहां लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अपेक्षाएं बनी हुई थीं।

कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य केवल औपचारिक दौरा नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत को समझकर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ प्रत्येक समस्या का ठोस समाधान सुनिश्चित करें।

# मलेरिया मुक्त ग्राम की ओर कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग तथा शिखर युवा मंच बीजापुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पालनार में संचालित विशेष मलेरिया रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तृतीय दिवस का सफल आयोजन किया गया। यह

■ पालनार में 261 हितग्राहियों को मच्छरदानियां दी गई

अभियान उन ग्रामों में विशेष रूप से चलाया जा रहा है, जहां पूर्व में मलेरिया के अधिक प्रकरण दर्ज किए गए थे।

अभियान के अंतर्गत कुल 47 रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किए गए, जिनमें 2 मरीज पॉजिटिव पाए गए। दोनों मरीजों को तत्काल निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई तथा नियमित फॉलोअप की व्यवस्था



सुनिश्चित की गई। इसके अतिरिक्त 261 हितग्राहियों को मच्छरदानियां एवं जागरूकता पम्पलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास गवेल एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. जोशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने ग्रामीणों को मलेरिया के प्रमुख लक्षण लगातार बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द एवं कमजोरी की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही समय पर जांच कराने, चिकित्सकीय परामर्श अनुसार पूर्ण दवा सेवन करने तथा नियमित रूप से मच्छरदानी उपयोग करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के समन्वयक मुकेश मानिकपुरी ने बताया कि संतोषपुर, गोरना, भोगामुड़ा, कचलारम एवं पालनार जैसे ग्रामों में पूर्व में मलेरिया के अधिक मामले सामने आए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए व्यापक नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि समय रहते रोग की पहचान और समुचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। जल जमाव वाले स्थानों की पहचान कर उनकी सफाई की गई तथा लार्वीसाइड एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर मच्छरों के प्रजनन को रोकने का प्रयास किया गया। ग्राम सरपंच मालती ताती ने ग्रामीणों से अपील की कि सभी लोग नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करें, घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा बुखार होने पर तत्काल जांच कराएं। कार्यक्रम में 300 से अधिक ग्रामीणों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जो क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति बढ़ती सजगता को दर्शाती है। यह विशेष अभियान न केवल मलेरिया नियंत्रण की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से स्वस्थ, स्वच्छ एवं सुरक्षित ग्राम निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# विधायक निवास में पूर्व मंत्री कवासी लखमा पहुंचे, लखेश्वर से चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कोंटा विधायक कवासी लखमा का बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के जगदलपुर स्थित निवास स्थान पर आगमन हुआ। उनके आगमन पर विधायक की धर्मपत्नी एवं सुपुत्र सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में जनहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों, क्षेत्रीय विकास कार्यों तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों जनप्रतिनिधियों के बीच बस्तर अंचल के सर्वांगीण विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ। कार्यकर्ताओं में भी इस अवसर पर विशेष उत्साह देखने को मिला उपस्थित जनों ने क्षेत्र की प्रगति एवं जनसेवा के संकल्प को दोहराते हुए आपसी समन्वय और सहयोग के साथ आगे भी निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



# निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में 1 जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। चार माह तक चले इस विशेष अभियान के उपरांत 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया।

अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में कुल 1,72,864 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद 4,295 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई है। प्रारंभ में 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में मतदाताओं की संख्या 1,95,012 थी, जो 23 दिसंबर 2025 को प्रारूप प्रकाशन के समय 1,68,569 रही। दावे एवं आपत्तियों के निराकरण के पश्चात अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 1,72,864 हो गई।

इस अभियान के अंतर्गत 273 बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए गए तथा 1,60,875 मतदाताओं के विवरण का मिलान और अभिलेखीकरण कार्य पूर्ण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की गई। नागरिकों से प्राप्त नवीनतम छायाचित्र भी अंतिम मतदाता सूची में अद्यतन किए गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 27 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हुआ था। दावे एवं आपत्तियां 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 के मध्य प्राप्त की गईं, जिनका निराकरण 14 फरवरी 2026 तक किया गया। अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने जिले के नागरिकों, राजनीतिक दलों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# एसआईआर के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

रिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2026 के आधार पर जिला बीजापुर में निर्वाचक नामावलियो का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर संपन्न किया गया। लगातार चार महीने तक चले निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची 21 फरवरी 2026 को प्रकाशित की गई जिसमें कुल 155180 मतदाता पंजीकृत है। मतदाता सूची का प्रारूप ड्राप्ट प्रकाशन के बाद 2107 मतदाताओं की वृद्धि हुई। शुद्धवृद्धि 1.38 प्रतिशत है।

विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान मतदान केन्द्रों के 283 बीएलओ ने घर-घर जाकर



गणना पत्रक वितरित किए और मतदाताओ का मिलान कर मैपिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से प्राप्त नवीनतम फोटोग्राफ भी अंतिम मतदाता सूची में प्रकाशित की गई। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान शुरू किया गया है।

## शिक्षा विभाग का नया राजपत्र एलबी संवर्ग पर कुठाराघात

**बीजापुर।** छग शासन स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा जारी नया राजपत्र 13 फरवरी 2026 शिक्षक एलबी संवर्ग पर कुठाराघात है। छग शालेय शिक्षक संघ बीजापुर के जिला अध्यक्ष प्रहलाद जैन व जिला सचिव एवं संभागीय प्रवक्ता कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि शीघ्र ही इस संबंध मे प्रदेश स्तरीय बैठक कर इसका विरोध किया जावेगा। पदोन्नती मे एलबी संवर्ग को संख्या के अनुपात मे पद दिये जाने चाहिये थे जो कि नही हुआ है जबकि एल बी संवर्ग शिक्षक राज्य का सबसे बड़ा कर्मचारी संगठन है। वर्षो की सेवा को नजर अंदाज किया गया है।राजपत्र जारी करने से पहले पदाधिकारियों की राय तक नही ली गई गुपचुप तरीके से राजपत्र जारी किया गया है।व्यायाम शिक्षक वा ग्रंथपाल के पद खत्म कर दिये गये। एबीओ पदोन्नति कोटे को 25 प्रतिशत से 75 प्रतिशत किया गया है। शिक्षा विभाग के पदों को राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को दिया गया है।



**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क./क/ तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक 17/02/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोंचु राम कश्यप पिता मोसूराम कश्यप जाति मुरिया निवासी ग्राम एरंडवाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने माता श्रीमती मिटकी कश्यप पति मोसू राम कश्यप मृत्यु तिथि 19/03/2013 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत एरंडवाल के अंतर्गत है यह उदघोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति / ग्रामवासी / पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय कि पेशी तिथि 03/03/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषण आज दिनांक 17/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 03/03/2026

मुहर — तहसीलदार तोकापाल

**GAYATRI INSTITUTE OF NURSING, JAGDALPUR**
Shiv Mandir Ward No.-03, Nayapul, Dongaghat, Jagdalpur,
Dist- Bastar (C.G.) Pin code -494001

**WE URGENT REQUIRED**

| S. No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per Council Norms |
|---|---|---|---|
| 1. | Principal cum Professor | 01 | Essential Qulification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N), Ph.D.(N) having total 15 Years Experience with M.Sc.(N) out of which 10 years after M.Sc.(N) in Collegiate programme. Ph.D (N) is desirable |
| 2. | Associate Professor /Reader | 01 | Essential Qulification:- M.Sc.(N) Experience:- Total 8 Years experience with M.Sc.(N) including 5 years teaching experience. Ph.D(N) is desirable |

Contact No: 9285320024, 8817471777.
Forward Your Resume to ginjagdalpur@gmail.com
Late date of receipt of Application:- Within 10 Days from the date of publication of advertisement







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### फर्जी शासकीय सेवकों पर कार्यवाही हो

**जगदलपुर।** आरटीआई एक्टिविस्ट श्रीनिवास पाल ने जारी बयान में कहा है कि वर्ष 2006 तथा 2007 में जनपद पंचायतों में शिक्षा कर्मी वर्ग 3 और 2 भर्ती चयन प्रक्रिया में अनेक शिक्षाकर्मी जो खेलकूद, अनुभव प्रमाण पत्र, एनसीसी, स्काउट गाइड के फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे अंकों का लाभ लेकर नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने तत्काल जांच दल गठन करने के लिए पत्र कमिश्नर, संयुक्त संचालक शिक्षा को भेजा है। उन्होंने कहा फर्जी शिक्षाकर्मियों का मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। पूर्व में भी शिकायत की गई थी। कार्यवाही नहीं होने पर पुनः भेजा गया। सभी जिले के जिला शिक्षा अधिकारियों और उनके कार्यालय में जमें कर्मचारियों के द्वारा जांच पड़ताल की कार्यवाही को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।



# क्राइस्ट कॉलेज में वार्षिकोत्सव व रजत जयंती वर्ष पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान क्राइस्ट महाविद्यालय का सिल्वर जुबली, वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास, गरिमा और भव्यता के साथ मनाया गया। पच्चीस वर्षों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक उपलब्धियों की यात्रा का उत्सव मनाते हुए महाविद्यालय परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया।

इस अवसर पर महापौर संजय पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

■ मेरिट सूची वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान







कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना नृत्य के साथ हुई। महाविद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। प्राचार्य डॉ प्रोफेसर थॉमस पी जे ने महाविद्यालय की पच्चीस वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कैसे सीमित संसाधनों से प्रारंभ हुआ यह संस्थान आज उत्कृष्ट परिणाम, अनुशासन, संस्कार एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता है। उन्होंने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों, विश्वविद्यालयीन मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफलता तथा सामाजिक दायित्वों में सक्रिय भागीदारी का उल्लेख किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की मेरिट सूची में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रमाणपत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही महाविद्यालय में पूर्व में सेवा दे चुके शिक्षकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। उनके योगदान को स्मरण करते हुए प्रबंधन ने कृतज्ञता व्यक्त की। विशिष्ट अतिथि जोशेफ कोलम्पराफील सी एम आई एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता फादर संतोष कोथरील, फादर जोमन तथा फादर मानी ने किया। इस अवसर पर पत्रकार देवशरण तिवारी, पार्षद कलावती कसेर, संग्राम राणा, राहुल जैन समेत स्टाफ उपस्थित रहे।

### विद्यार्थी जीवन व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला

महापौर ने विद्यार्थी जीवन को व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला बताते कहा युवाओं की सकारात्मक सहभागिता से ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। साथ ही शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक के दैनिक कर्तव्यों पर भी प्रकाश डाला और युवाओं से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

### विद्यार्थियों की प्रस्तुति से दर्शक भावविभोर

विद्यार्थियों ने नृत्य, माइम एवं देशभक्ति पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दी। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। देशभक्ति से ओतप्रोत नाट्य प्रस्तुति ने राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया, वहीं माइम के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

### प्रशिक्षण भाजपा का आधारभूत कार्यक्रम : कश्यप

# प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर व प्रवीण होते हैं : देव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता ही शक्ति का केन्द्र है।

इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकतार्ओं के मनोबल को बढ़ाना और उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं का

■ 7 मार्च से 14 अप्रैल तक ग्रामीण और शहरी मंडलों में अभ्यास वर्ग किए जाएंगे आयोजित

सजग प्रहरी बनाना है। उन्होंने कार्यकतार्ओं के कौशल विकास और वैचारिक प्रबोधन के लिए इस महाभियान की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि आगामी 7 मार्च से 14 अप्रैल तक देश के सभी ग्रामीण और शहरी मंडलों में अभ्यास वर्ग आयोजित किए जाएंगे। यह प्रत्येक वर्ग एक रात और दो दिन का होगा। मंडल स्तर के प्रशिक्षण के समापन के बाद जिलास्तरीय अभ्यास वर्ग शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर व प्रवीण होते है।





वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकतार्ओं को नीति, सिद्धांत, संगठनात्मक संरचना और जनसेवा के संस्कारों से समृद्ध किया जाता है। जिससे वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि कार्यकतार्ओं को प्रशिक्षित करने के लिए विशेष रूप से अलग अलग विषयों का चयन किया गया है। जिनमें वैचारिक अधिष्ठान के तहत भाजपा से हमारा जुड़ाव और हमारी विचारधारा, जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक के गौरवशाली सफर पर चर्चा, भाजपा कार्यकर्ता की आदर्श कार्य-पद्धति, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की रणनीति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया और आईटी का प्रभावी उपयोग और कार्यकर्ताओं की प्रतिभा और रुचि को निखारने के लिए गहन चर्चा प्रशिक्षण में की जाएगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर जिला प्रभारी सतीश लाटिया ने कहा कि पंच परिवर्तन सामाजिक जीवन का दर्शन है। जिसमें सामाजिक समरसता, स्वदेशी का भाव, नागरिक कर्तव्य, कुटुम्बकम प्रबुध्य व पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण महा अभियान मंडल स्तर तक आयोजित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य वैचारिक रूप से दृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है।

जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने प्रारंभिक उद्बोधन दिया। संचालन जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही व आभार प्रदर्शन परीस बेसरा ने किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, ब्रेवरेज कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, बैदूराम कश्यप, सुधीर पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, बलदेव मण्डावी,योगेन्द्र पाण्डेय, आर्येन्द्र आर्य, नरसिंह राव, सफीरा साहू, रामकुमारी यादव, ललिता बघेल, लखीधर बघेल, सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आधुनिक परिवहन कार्यालय निर्माण योजना ठंडे बस्ते में



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

परिवहन विभाग के मुख्यालय से लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व आधुनिक परिवहन कार्यालय योजना बनी थी। उस समय मुख्यालय से टीम ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय का सर्वे

■ डेढ़ वर्ष पूर्व बनी थी आधुनिक परिवहन कार्यालय योजना

किया था, लेकिन डेढ़ वर्ष बाद यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। बताया जा रहा है कि परिवहन का नया कार्यालय आधुनिक ढंग से बनने था, इसमें सुविधा केंद्र भी बनाए जाएंगे। यहां विभिन्न प्रकार के काउंटर बनाए जाएंगे, जिसमें लर्निंग लाइसेंस, पूछताछ कक्ष, ड्राइविंग लाइसेंस एवं ट्रांसफर कराने के काउंटर शामिल होंगे। इससे लोगों को एक छत के नीचे सारी सुविधाएं मिल सके। परिवहन कार्यालय के नए भवन बनने के बाद एक ही छत के नीचे लोगों को हर तरह की सुविधाएं मिलनी थी।

### प्रस्ताव मुख्यालय में भेजा था

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि विभाग के मुख्यालय के निर्देश पर आड़ावाल स्थित आरटीओ कार्यालय परिसर में रिक्त भूमि में निर्माण के लिए सर्वे किया गया था। इसकी जानकारी प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय में भेजा गया था।

# बीआर बालाजी महेन्द्रा ने आरोपों को सिरे से किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

माकन ग्रुप द्वारा बीआर बालाजी महेन्द्रा पर लगाए गए आरोप को सिरे से खारिज करते हुए बीआर बालाजी एलएलपी के जीएम मुकेश मालवीय, नीरज तिवारी व विकाश जोशी ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि मोहम्मद खलील और कमल

■ पत्रवार्ता में शोरूम पर लगे आरोपों पर दिया अधिकारिक स्पष्टिकरण

किशोर माकन द्वारा शोरूम के कर्मचारी के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर जबरन दबाव बनाते हुए अलग-अलग माध्यम से कंपनी को बस्तर में बदनाम करने व जबरन पैसा वसूल करने का प्रयास कर रहे है।

उन्होनें कहा कि पूरे मामले में कमल किशोर माकन व रितेश ठाकुर की मिलीभगत है हम इन दोनों पर कोर्ट व अपने वकील के माध्यम से कानूनी कार्रवाई करने जा रहे है। हमने परपा थाने में भी शिकायत कर दिया है




इस मामले में मोहम्मद खलील की गाड़ी को स्वर्णीम चौहान व रितेश ठाकुर द्वारा मोहम्मद खलील के साथ मिलकर बेचे है इसकी जानकारी खलील को भी है। उनके द्वारा जो दस्तावेज पेश किया गया है वह भी फर्जी है। इनके द्वारा जिन तीन गाड़ियों को एक्सचेंज के लिए दिया गया था इनमें दो गाड़ियों को हमने उन्हें वापस कर दिया था लेकिन उनके द्वारा गलत बयान दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व प्रतिष्ठित वाहन विक्रेता संस्थान बीआर बालाजी एलएलपी महिंद्रा एंड महिंद्रा डीलर पर कोंटा निवासी मोहम्मद खलील खान ने पत्रवार्ता कर गंभीर आरोप लगाए थे। मोहम्मद खलील खान ने बताया था कि उन्होंने अपनी महेंद्रा बोलेरो जेडएलएक्स क्रमांक सीजी 18एल 6878 को जून 2024 के प्रथम सप्ताह में मरम्मत हेतु बीआर बालाजी एलएलपी गीदम रोड पंडरीपानी जगदलपुर में छोडा था। मरम्मत अवधि के दौरान उन्होंने बीआर बालाजी एलएलपी में कार्यरत स्वर्णिम चौहान से कहा था कि यदि यह बोलेरो ठीक रेट में एक्सचेंज होगी तो वे एक्सचेंज करके नई स्कार्पियो लेना चाहता हैं। 10 जून 2024 को उनकी बोलेरो की मरम्मत का व्यय काटकर 4 लाख 17 हजार रुपए में एक्सचेंज अनुबंध तय हुआ तथा बोलेरो को आरूतेश ठाकुर ने हैंडओवर ले लिया। मोहम्मद खलील ने बताया था कि कुछ समय बाद जब वे पैसों की व्यवस्था कर नई गाड़ी लेने बीआर बालाजी एलएलपी शोरूम गए तो उन्हें एक्सचेंज मैनेजर नीरज तिवारी ने बताया कि तुम्हारी गाड़ी हमारी संस्थान में नहीं आई है। शोरूम में कार्यरत कर्मचारी स्वर्णिम चौहान जिसके माध्यम से एक्सचेंज की बात तय हुई थी उससे सम्पर्क करने पर उसने नीरज तिवारी को खलील के सामने बताया कि इनका वाहन संस्थान में एक्सचेंज में जमा हुआ है। मोहम्मद खलील के इन्ही आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए शनिवार को संस्थान के अधिकारियों ने प्रेसवार्ता रखा था।

### मामले की थाने में शिकायत दर्ज

बीआर बालाजी एलएलपी के जीएम अकाउण्ट मुकेश मालवीय ने बताया कि पूरे मामले की थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। उन्होने बताया कि हमारी संस्थान से बलविंदर माकन, कमल किशोर माकन व आदर्श माकन ग्रुप द्वारा तीन पुरानी वाहनों को एक्सचेंज में दिया गया था और 15 वाहन जनवरी 2025 में क्रय किया गया था। इन तीन पुरानी गाड़ियों में दो में तकनीकी खामियों के कारण माकन ग्रुप को 19 दिसम्बर 2025 को बातचीत करने के बाद वापस कर दिया गया। वापस किए गए दोनों वाहनों की कीमत 10 लाख 15 हजार रूपए माकन ग्रुप से लेना है। इस राशि के सबंधं में कई बार माकन ग्रुप से मांग की जा चुकी है लेकिन इनके द्वारा राशि वापस नहीं किया जा रहा है। उन्होनें बताया कि माकन ग्रुप की वाहन क्रमांक सीजी 17 केजेड 2187 सर्विसिंग के लिए हमारे संस्थान में आई हुई है।

हमारे संस्थान द्वारा माकन ग्रुप से बकाया राशि की मांग किए जाने पर इनके द्वारा हमारे संस्थान की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए समाचार पत्रों में झूठा समाचार प्रकाशित करवाया गया है जिससे हमारी संस्था की छवि धूमिल हो रही है।

# पलाश, गेंदा, हल्दी, चुकंदर, नीम जैसे प्राकृतिक स्रोत से बन रहा हर्बल रंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

क्रांतिकारी देबरिधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के द्वारा हर्बल गुलाल निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बस्तर जिले के सातों विकासखण्डों से आई स्व-सहायता समूहों की 50 महिलाओं तथा फूल विज्ञान के 50 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

इस प्रशिक्षण में मां दन्तेश्वरी, गौरी शंकर, रोशनी, दुर्गा मां, मुस्कान एवं विहान समूह की महिलाओं ने भाग लिया। उद्घाटन मुख्य अतिथि व वक्ता गोपाल सिंह नाग की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. जी.पी. नाग, डॉ. ईशु साहू तथा राजकुमार देवांगन, कुमारी सुमन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने अपने कहा कि आज बस्तर



की महिलाएं पंच से लेकर बड़े पदों तक, शिक्षक से कलेक्टर तक तथा छोटे व्यवसायों के माध्यम से आर्थिक समृद्धि की दिशा में पुरुषों के साथ कदमताल करते हुए आगे बढ़ रही हैं। जो बस्तर के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने पंच परिवर्तन के अंतर्गत परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्व-बोध एवं नागरिक कर्तव्यों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता लाने पर बल दिया। अधिष्ठाता ने कहा कि बस्तर प्राकृतिक संपदा से समृद्ध क्षेत्र है। यहाँ के जंगलों में औषधीय पौधे, रंगीन फूल तथा विभिन्न प्रकार की वन उपज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। हमारे आसपास पलाश, गेंदा, हल्दी, चुकंदर, नीम जैसे प्राकृतिक स्रोत मौजूद हैं, जिनसे सुंदर एवं सुरक्षित हर्बल रंग तैयार किए जा सकते हैं। यदि इन संसाधनों का सही उपयोग किया जाए तो यह महिलाओं के लिए आय का एक सशक्त माध्यम बन सकता है।




# कलेक्टर ने बस्तर आर्ट गैलरी कलागुड़ी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा ने शनिवार को जिले के सांस्कृतिक गतिविधियों और शहरी विकास को गति देने के लिए निरीक्षण किया। इसी कड़ी में उन्होंने दलपत सागर के समीप स्थित कलागुड़ी (आर्ट गैलरी) का दौरा किया और ऐतिहासिक दलपत सागर के सौंदर्यीकरण सहित बुनियादी ढांचे में आवश्यक सुधार को लेकर नगर पालिक निगम के अधिकारियों के साथ चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने ग्रीष्मकालीन जलापूर्ति के मद्देनजर इंटेकवेल एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने आसना स्थित बादल अकादमी की नई शाखा कलागुड़ी केंद्र में संचालित करने के तहत म्यूजिक



हाल, रिकॉर्डिंग रूम, डांस हाल, साउंड सिस्टम, थ्रीडी पेंटिंग, पृथक से शौचालय की व्यवस्था पर अधिकारियों से चर्चा किया। उन्होंने नवीन निर्माण के लिए शीघ्र पहल किए जाने कहा। कलेक्टर ने आर्ट गैलरी के निरीक्षण के दौरान एक्सिविजन हाल को रिपेयर करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि बस्तर की पारंपरिक लोक कला, नृत्य और साहित्य को संरक्षित करने के उद्देश्य से स्थापित बादल अकादमी की स्थापना की गई है इसे संगीत महाविद्यालय से जोड़ने के बाद इसके विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर ने अकादमी की एक शाखा के सुचारू संचालन को लेकर अधिकारियों के साथ मंथन किया, ताकि स्थानीय कलाकारों को प्रशिक्षण और प्रदर्शन के लिए बेहतर मंच मिल सके। कलेक्टर आकाश छिकारा ने ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर के सौंदर्यीकरण सहित सरोवर के किनारे सड़क विकास और पर्यटन एवं शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए नगर पालिक निगम के अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान दलपत सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में सड़क विकास और सुदृढ़ीकरण की योजनाओं, आर्ट गैलरी से धरमपुरा रोड मंदिर तक सीसी सड़क, पेवर ब्लॉक पाथवे, रिटेनिंग वॉल, रानीघाट के पास चौपाटी, नगर के गंदे पानी के ड्रेनेज व्यवस्था, धरमपुरा रोड से बारिश का पानी निकासी की समुचित व्यवस्था संबंधी कार्य को शीघ्र शुरू करने कहा। वहीं अमृत मिशन योजना के तहत मार्च माह तक जलापूर्ति आरंभ करने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

